हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 8 जुलाई 2026

06 सरपंच-सचिव के खिलाफ सड़कों पर किया प्रदर्शन...


07 डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपना...




**खबर संक्षेप**

### शासकीय छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन 20 जुलाई तक

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक/बालिका शासकीय छात्रावासों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए अंतिम चरण में 20 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। इस वर्ष से प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की गई है। इसके लिए विभाग ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष होस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि, प्रदेश में संचालित छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्गों की बालिका/बालक को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। यह ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण तथा प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप- प्रथम एवं तृतीय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास (एनएससीबी) बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन एवं उनमें प्रवेश की सुविधा के लिए विकसित की गई है।

### निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया प्रारंभ

**सीहोर।** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत पात्र बच्चों को अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है, जिसका शुल्क प्रदेश सरकार वहन करती है। प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। द्वितीय चरण की प्रक्रिया के बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

### मां पहुंची कलेक्ट्रेट: रोते हुए बोलीं, धोखेबाज बेटों से वापस दिलाओ मेरी जमीन

# जमीन मिलते ही बेटों ने मां को कर दिया पराया, दाने-दाने को हुई मोहताज

**बुजुर्ग महिला वक्ता बाई ने जनसुनवाई में अतिरिक्त कलेक्टर को अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि पति की मौत के बाद वे बेसहारा महसूस कर रही थीं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक मां अपने बच्चों को पालने-पोसने और उनका भविष्य संवारने के लिए अपनी पूरी जिंदगी लगा देती है, लेकिन जब वही बच्चे बड़े होकर मां की लाठी बनने के बजाय उसकी लाचारी का फायदा उठाने लगें तो समाज और रिश्तों पर सवाल उठना लाजिमी है। ऐसा ही एक दिल दुखाने वाला मामला रेहटी तहसील के ग्राम मोगरा से सामने आया है। यहां की 95 वर्षीय बुजुर्ग मां वक्ता बाई को अपने ही खून से ऐसा धोखा मिला कि इस उम्र में उन्हें न्याय के लिए व्हीलचेयर पर बैठकर कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में गुहार लगानी पड़ी।

पीड़ित बुजुर्ग महिला वक्ता बाई ने जनसुनवाई में अतिरिक्त कलेक्टर को अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि पति की मौत के बाद वे बेसहारा महसूस कर रही थीं। उन्होंने अपने तीनों बेटों पर भरोसा करके अपनी 15 एकड़ उपजाऊ और कीमती जमीन तीनों में बराबर-बराबर बांट दी। जमीन की रजिस्ट्री कराते समय कलयुगी बेटों ने बड़े-बड़े वादे किए थे। उन्होंने मां को भरोसा दिलाया था कि वे जीवनभर उनकी सेवा करेंगे और हर महीने खर्चे के लिए 10-10 हजार रुपये (कुल 30 हजार रुपये) भरण-पोषण के तौर पर देंगे।



#### रजिस्ट्री का कागज हाथ में आते ही बदला रंग

बुजुर्ग मां का आरोप है कि बेटों की नीयत में खोट था। जमीन कानूनी रूप से अपने नाम होते ही कुछ ही महीनों में उनके तेवर बदल गए। बेटों ने बूढ़ी मां को न सिर्फ पैसे देना बंद कर दिया, बल्कि उनकी सुध लेना भी छोड़ दिया। आज 95 साल की उम्र में जब शरीर साथ नहीं देता, वक्ता बाई को रोटी और दवाई जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी दूसरों के आगे हाथ फैलाना पड़ रहा है।

#### वापस दिलाई जाए जमीन

बुजुर्ग मां ने अब प्रशासन से अपनी जमीन वापस मांगी है। उन्होंने रोते हुए कहा जब मेरे बेटे ही मेरे नहीं रहे तो मेरी जमीन पर उनका कोई हक नहीं होना चाहिए। प्रशासन उनसे मेरी जमीन वापस दिलाए।

### भाजपा सरकार में भगवान के मंदिर सुरक्षित नहीं वो जनता और देश को क्या सुरक्षित रखेंगे: कमलेश कुमार




**सीहोर।** बहुजन समाजपार्टी सीहोर की विधानसभा स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक खण्डवा जोड़ मैरिज गार्डन में रखी गई बैठक के मुख्यातिथि जियालाल अहिरवार प्रदेश प्रभारी बसपा एवं विषेश अतिथि एडवोकेट कमलेश कुमार जोन प्रभारी बसपा भोपाल रहे,बैठक में विधानसभा के संगठन की समीक्षा श्री जियालाल ने बारीकी से समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए की सेक्टर के बाद हमें पोलिंगों पर मजबूत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देनी है, अगर कोई पदाधिकारी निष्क्रिय है उसे तत्काल बदलें ,जो पदाधिकारी किसी कारणवश सक्रिय नहीं रह सकते वे कार्यकर्ता बनकर कार्य करें और जो अच्छा कार्य कर रहे हैं। विषेश अतिथि के रूप में उपस्थित एडवोकेट कमलेश कुमार ने कहा कि सीहोर में बसपा मजबूत विकल्प बनती है तो कांग्रेस को कोई वोट नहीं देगा और वर्तमान भाजपा सरकार में जो लूट मजी है क्षेत्र एवं देशवासी सब समझ रहे हैं। हर स्तर पर लूट मची है, भाजपा ने जिस भगवान राम के नाम पर सरकार बनाई उनके मंदिर को ही लुटवा दिया वो देशवासियों और देश को क्या सुरक्षित रखेंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध, पूर्व जिला प्रभारी अनोखीलाल मालवीय,डी. बी. बड़ोदिया जिला सचिव ने भी बैठक में आवश्यक सुझाव रखे ,बैठक की अध्यक्षता धीरब अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष ने की बैठक में प्रमुख रूप से धनराज सिंह थरेले, नवीन भैरवे, थान सिंह अहिरवार, कृपाल अहिरवार, देवपकाश वर्मा,बने सिंह नेताजी, विक्रम सूर्यवंशी, देवराज मालवीय,कमल कोरवे आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पिछले साल के मुकाबले इस बार बारिश की बेहतर स्थिति, किसानों के चेहरे खिले

**सीहोर।** जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है और झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे से ही जिला मुख्यालय हिस्सों में तेज बरसात शुरू हो गई, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। जिला भू.अभिलेख शाखा से मिले आंकड़ों के मुताबिक जिले में पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 1.57 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही 1 जून से लेकर 7 जुलाई तक जिले में कुल औसत वर्षा का आंकड़ा 12.68 इंच तक पहुंच गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान जिले के जावर और आष्टा क्षेत्रों में सबसे तेज बारिश रिकॉर्ड की गई है। जावर में 2.72 इंच और आष्टा में 2.28 इंच पानी गिरा। इसके अलावा रेहटी में भी 2.14 इंच वर्षा दर्ज की गई, जिससे नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। सीहोर मुख्यालय पर 1.74 इंच बारिश हुई, जिससे कुल वर्षा 10.81 इंच हो गई है। श्यामपुर में 0.75 इंच बारिश दर्ज की गई और कुल वर्षा 7.39 इंच है। इछावर में 0.98 इंच बारिश के साथ कुल वर्षा 13.54 इंच तक पहुंच गई है। आष्टा में 2.28 इंच बारिश के बाद सीजन की कुल वर्षा 18.03 इंच हो गई है, जो जिले में सर्वाधिक है। जावर में 2.72 इंच बारिश के साथ कुल आंकड़ा 15.46 इंच दर्ज किया गया है। भैरूंदा में 0.59 इंच और बुधनी में 1.38 इंच बारिश हुई, जिससे इनकी कुल वर्षा क्रमशः 15.04 इंच और 9.76 इंच हो गई है। रेहटी में 2.14 इंच बारिश के बाद कुल आंकड़ा 11.36 इंच है।



#### पिछले साल के मुकाबले इस बार बेहतर स्थिति

मौसम विभाग और भू अभिलेख के आंकड़ों की तुलना करें तो इस साल अब तक पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक पानी गिर चुका है। गत वर्ष आज ही के दिन 7 जुलाई तक जिले में कुल वर्षा 293.5 मिमी दर्ज की गई थी, जबकि इस साल अब तक 322.0 मिमी बारिश हो चुकी है।

#### किसानों के चेहरे खिले

लगातार हो रही इस मानसूनी बारिश से जिले के अन्नदाताओं के चेहरे खिल गए हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश सोयाबीन, मक्का और धान जैसी खरीफ की फसलों के लिए बेहद फायदेमंद है। जिन किसानों ने हाल ही में बोनी की थी, उनकी फसलों को इस पानी से नया जीवनदान मिलेगा और फसलों की ग्रोथ अच्छी होगी।

## दिव्यांग का पीएम आवास निर्माण रोका: दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, प्रशासन से मदद मांगी

**सीहोर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत पक्का मकान बनवाना सीहोर जिले के एक दिव्यांग के लिए मुश्किल बन गया है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोग उसकी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे हैं। विरोध करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। न्याय की मांग को लेकर वह परिवार सहित जनसुनवाई में पहुंचा।

मामला दोराहा तहसील के ग्राम पीपलखेड़ा का है। यहां के निवासी दिव्यांग सुखवेंद्र दांगी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने की स्वीकृति मिली है। उनका आरोप है कि गांव का एक प्रभावशाली परिवार निर्माण कार्य शुरू होते ही लाठी-डंडों के साथ पहुंच जाता है और काम बंद करा देता है।

#### मजदूरों को धमकाकर भगा देते हैं

सुखवेंद्र दांगी ने अतिरिक्त कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को डराकर भगा दिया जाता है। विरोध करने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। उनका कहना है कि इस वजह से वह अपने ही मकान का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। पीड़ित ने आवेदन में यह भी दावा किया है कि जिस परिवार पर आरोप लगाए गए हैं, उसके कुछ सदस्यों पर पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसी कारण उनका परिवार लगातार भय के माहौल में जी रहा है।



#### सुरक्षा और कार्रवाई की मांग

प्रताड़ना से परेशान होकर सुखवेंद्र दांगी परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और अतिरिक्त कलेक्टर को आवेदन सौंपकर सुरक्षा की मांग की। उन्होंने आवास निर्माण में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और शांतिपूर्वक मकान बनवाने के लिए प्रशासन से मदद मांगी। जिला प्रशासन ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग को शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चर्च मैदान पर जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता, सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-1 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को खेले गए जूनियर वर्ग के रोमांचक मैच में सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-1 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से युवराज-आदित्य ने 1-1 गोल किया। इसके अलावा सीनियर वर्ग के मैच में आरएसआई को सीहोर क्लब ने 3-1 से हराया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मैच जूनियर वर्ग का खेला गया। इस रोमांचक मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से स्ट्राइकर आर्थव ने मैच के 15 वें मिनिट पर गोल को बढ़त दिलाई थी, लेकिन मैच के अंतिम समय में सीहोर बाइज की ओर से युवराज-आदित्य ने 1-1 गोल किया, जिससे सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन पर 2-1 से विजय हासिल की। वहीं सीनियर वर्ग के एक तरफा मुकाबले में सीहोर क्लब ने आरएसआई को 3-1 से हराया। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से पुष्प, धुरव और अदनान ने 1-1 गोल किया। इधर आरएसआई की ओर से एक मात्र गोल गर्वित ने किया। बुधवार की शाम को जूनियर वर्ग में सीहोर क्लब-एमजी क्लब सीहोर और सीनियर वर्ग में आरएसआई-डीएसवायडब्ल्यू के मध्य खेला जाएगा।



## 58 आवेदनों पर कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 58 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




### जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल में अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी-2026 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में 'अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी-2026' का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं अंकुर शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ।

प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास एवं साहस के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र दिव्यांश अहीरवार (यूपीएससी आईएफएस एआईआर-127), गौरव अस्थाया (आईआईटी मार्डस) , नितेश यादव एवं दीपांशु मेवाड़ा (भारतीय थल सेना), ललित वर्मा (भारतीय नौसेना), स्वाति मेवाड़ा (एम.पी. बोर्ड कक्षा 12वीं कला संकाय जिला टॉपर-95 प्रतिशत), नीव सक्सेना (कॉमर्स टॉपर), अन्वेषा राठौर (मैथमेटिक्स टॉपर) तथा लक्ष्मी कुशवाहा (बायोलॉजी टॉपर) को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शीलू शर्मा, विशिष्ट अतिथि अंकुर शर्मा, संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।




मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के योग्य नागरिक तैयार करना है। विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन साक्षी गोगिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन छात्रा स्वाति मेवाड़ा ने प्रस्तुत किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का गरिमामय समापन हुआ।

## सार्थक एप की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ, जिला इकाई सीहोर द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर सीहोर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए सार्थक एप के माध्यम से अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था समाप्त करने की मांग की गई।

संघ ने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनके क्रियान्वयन में कृषि विस्तार अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकारियों को प्रतिदिन गांव-गांव जाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी देने, तकनीकी मार्गदर्शन करने तथा विभिन्न विभागीय कार्यों का संपादन करना पड़ता है। संघ का कहना है कि वर्तमान में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता के कारण अधिकारियों, विशेषकर महिला कृषि विस्तार अधिकारियों को अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या, समय पर उपस्थिति दर्ज करने में होने वाली परेशानी तथा क्षेत्रीय कार्यों के दौरान अनावश्यक बाधाएं कार्य क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई बार अधिकारियों को विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य शासकीय दायित्व भी निभाने पड़ते हैं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि इन व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विस्तार अधिकारियों को सार्थक एप के माध्यम से अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था से मुक्त किया जाए, जिससे वे किसानों के हित में अपने क्षेत्रीय कार्य अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। संघ ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार अधिकारियों की समस्याओं पर सकारात्मक विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लेगी।



## खबर संक्षेप

### ज्योति और विजेन्द्र का नेशनल रैफरी के लिए चयन किया





**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर सालों से फुटबाल की बारीकियों के अलावा अनेक बार राष्ट्रीय स्तर पर शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाली ज्योति गौर और विजेन्द्र परमार का आल इंडिया फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित चयन प्रक्रिया में नेशनल रैफरी के रूप में चयन किया गया है। ज्योति गौर और विजेन्द्र परमार अब तक स्टेट रैफरी का दायित्व संभाल रहे थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि ज्योति गौर और विजेन्द्र परमार स्टेट रैफरी के रूप में अनेक प्रतियोगिता में शामिल थे, वहीं उनके नेशनल रैफरी के रूप में चयनित होने पर खेल संगठनों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट जीके श्रीवास्तव, सचिव अमित रंजन देव वाइस प्रेसिडेंट राकेश शर्मा, फुटबॉल एसोसिएशन के संरक्षक रमेश सक्सेना, अखिलेश राय, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर आदि ने बधाई दी है।




### करीब 15 किलोमीटर तक कई गांव से गुजरते हुए भैरुंदा पहुंची ग्रामीणों की पदयात्रा

# सरपंच-सचिव के खिलाफ सड़कों पर किया प्रदर्शन, एसडीएम-सीईओ को सौंपे ज्ञापन

### ग्रामीणों की पदयात्रा हाथों में तख्तियां लिए लूट नहीं विकास चाहिए, ईमानदार पंचायत चाहिए, जैसे नारों के साथ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

ग्राम पंचायत झाली व कुमानताल के ग्रामीण सड़को पर उतरे, हाथों में तख्तियां लिए लूट नहीं, विकास चाहिए और ईमानदार पंचायत चाहिए जैसे नारों के साथ मंगलवार को गग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर खुलकर सामने आया। पंचायत में कथित भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में अनियमितताओं के विरोध में ग्रामीणों ने जनहित पदयात्रा निकालकर तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा।

यह पदयात्रा ग्राम पंचायत झाली से शुरू होकर करीब 15 किलोमीटर तक विभिन्न गांवों से गुजरते हुए भैरुंदा पहुंची। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस यात्रा में शामिल हुए। कुछ लोग पैदल चले तो कई ग्रामीण वाहन से भी जुड़े। नगर के सीहोर नाके स्थित एक मैरिज गार्डन से सभी ग्रामीण एकजुट होकर आगे बढ़े और हाथों में तख्तियां लेकर लूट नहीं, विकास चाहिए और ईमानदार पंचायत चाहिए जैसे संदेश देते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे।

यहां ग्रामीणों ने जमीन पर बैठकर सरपंच और सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक ग्रामीण जनपद पंचायत कार्यालय के सामने डटे रहे और सीईओ के बाहर आकर ज्ञापन लेने का इंतजार करते रहे। जानकारी के अनुसार अधिकारी कुछ प्रतिनिधियों को अंदर बुलाकर ज्ञापन लेना चाहते थे, लेकिन ग्रामीण इस बात पर अड़े रहे कि अधिकारी बाहर आकर सभी से मिलें। आखिरकार करीब एक घंटे बाद जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल बाहर आए, उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और ज्ञापन स्वीकार किया।



**भैरुंदा।** जनपद पंचायत भैरुंदा के कार्यालय के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन करते हुए




**भैरुंदा।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में पिछले कई महीनों से विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हो रही हैं। उनका कहना है कि लाखों रुपए की राशि निकाली गई, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नजर नहीं आता। कई योजनाएं कागजों में पूर्ण दिखा दी गई हैं, जबकि गांव में हालात जस के तस बने हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले आठ महीनों से लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में भी अनियमितता के आरोप लगाए। उनका कहना है कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि कई गरीब परिवार आज भी पक्के मकान के इंतजार में हैं। इसके अलावा गांव में अवैध शराब की बिक्री बढ़ने से सामाजिक माहौल खराब होने की बात भी ग्रामीणों ने उठाई। जनपद पंचायत से प्रदर्शन के बाद ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने मांग की कि ग्राम पंचायत झाली और कुमानताल में पिछले 10 वर्षों में हुए सभी विकास कार्यों और योजनाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए शासकीय राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। इस पदयात्रा में ग्राम पंचायत कुमानताल के ग्रामीण भी शामिल हुए। उन्होंने भी अपनी पंचायत में हुई कथित अनियमितताओं और जनसुनवाई के दौरान एक युवक के साथ हुई मारपीट की घटना का विरोध किया।भ्रष्टाचार नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। पदयात्रा में यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पटेल हवेली भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक या दो ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि कई जगहों पर इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने पंचायत स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाए और कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं और ग्रामीणों के मुद्दों को लेकर उनके साथ खड़ी है।ग्रामीणों का कहना है कि वे केवल विकास चाहते हैं।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि सरपंच और सचिव के खिलाफ पहले भी शिकायतें मिल चुकी हैं। जांच कर रिपोर्ट जिला पंचायत को भेजी जा चुकी है और संबंधित पक्षों की पेशी जारी है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पहली ही बारिश ने खोली विकास के दावों की पोल: रेहटी संदीपनी स्कूल की टपकती छत का वीडियो वायरल





हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी में स्थित नवनिर्मित सीएम राइज सांदीपनी स्कूल भवन की गुणवत्ता पहली ही बारिश में हवा हो गई। सोशल मीडिया पर स्कूल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि नवनिर्मित भवन की छत से पानी टपक रहा है।

लोगों ने इसे भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष प्रमाण बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।जिस स्थान पर बच्चों का भविष्य गढ़ा जाना चाहिए, वहाँ नौनिहाल टपकती छत के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। पहली ही बारिश में भवन का यह हाल होना यह दर्शाता है कि निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर गुणवत्ता से समझौता किया गया है। जनता के टैक्स के पैसे का इस तरह दुरुपयोग केवल लापरवाही नहीं, बल्कि बड़ा भ्रष्टाचार है। आज कई जगह यही हाल है नई सड़कें उखड़ रही हैं और सरकारी भवनों में पानी भर रहा है। जनता अब केवल उद्घाटन और खोखले दावे नहीं, बल्कि टिकाऊ और ईमानदार विकास चाहती है।स्थानीय नागरिकों की ओर से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है कि रेहटी स्थित संदीपनी स्कूल भवन के निर्माण की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए।निर्माण एजेंसी, संबंधित इंजीनियरों और गुणवत्ता परीक्षण करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उन पर कड़ी कार्रवाई हो।

बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भवन की छत की तुरंत मरम्मत कराई जाए ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। सीहोर जिले सहित प्रदेश में हाल ही में बने सभी सरकारी भवनों का एक स्वतंत्र गुणवत्ता ऑडिट कराया जाए। करोड़ों की लागत से तैयार हुए इस सीएम राइज स्कूल की दुर्दशा का वीडियो सामने आने के बाद अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस पर क्या संज्ञान लेते हैं। क्या दोषियों पर वास्तव में कार्रवाई होगी या मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा, इस पर पूरे क्षेत्र की नजरें टिकी हुई हैं।

सांदीपनी स्कूल की टपकती छत पर कांग्रेस नेता विक्रम शर्मा मस्ताल का कहना है कि पहली बरसात में ही स्कूल की छत टपकने लगी है तो इसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है और ठेकेदार सहित अधिकारियों पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग उनके द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से वीडियो के माध्यम से की गई है।

### आरटीई: 1651 खाली सीटों पर फिर खुले दाखिले

**सीहोर।** आरटीई के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा के लिए तीसरा चरण हजारों अभिभावकों के लिए अहम रहेगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी किया है। सीहोर जिले में पहले और दूसरे चरण के बाद 1651 सीटें खाली हैं। अब इन सीटों पर दोबारा ऑनलाइन लॉटरी से प्रवेश होगा। इस बार नए आवेदन नहीं होंगे। पहले से पात्र घोषित छात्र ही पोर्टल पर चॉइस अपडेट कर सकेंगे। 8 जुलाई तक स्कूलों की नई पसंद भरने का मौका मिलेगा। सीहोर जिले में आरटीई के तहत इस साल कुल 2779 सीटें आवंटित हुई थीं। पहले चरण में 1095 विद्यार्थियों के प्रवेश हुए। दूसरे चरण में सिर्फ 33 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। इसके बाद भी कई निजी स्कूलों में सीटें खाली रह गईं।

## सेफ क्लिक अभियान 2.0 गर्ल्स स्कूल में 170 छात्राओं को साइबर सुरक्षा की जानकारी



**भैरुंदा।** साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "सेफ क्लिक अभियान 2.0" के तहत मंगलवार को नगर के वीणांचल गर्ल्स स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 170 छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन गेमिंग के खतरों, अज्ञात लिंक से बचाव, एपीके फाइलों एवं अनजान एप्लिकेशन डाउनलोड न करने जैसी सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचने के आसान और प्रभावी उपाय भी बताए गए। अधिकारियों ने छात्राओं को साइबर क्राइम पोर्टल एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीओपी भैरुंदा रोशन कुमार जैन सहित थाना भैरुंदा की पुलिस टीम मौजूद रही। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर केएल पंवार, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की भी उपस्थिति रही।

### डिप्टी प्रभारी से डिप्टी कलेक्टर, बने सुधीर कुशवाह हुआ सम्मान



**भैरूंदा।** मंगलवार को जारी हुई प्रशासनिक अधिकारियों की पदोन्नति सूची में भैरूंदा के एसडीएम सुधीर कुशवाह का नाम भी शामिल रहा। अब तक प्रभारी डिप्टी कलेक्टर की जिम्मेदारी निभा रहे कुशवाह को स्थायी रूप से डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।जैसे ही यह जानकारी एसडीएम कार्यालय पहुंची, वहां खुशी का माहौल बन गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और कुशवाह को शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया।कार्यालय में कर्मचारियों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी जताई। कई कर्मचारी साल-श्रीफल लेकर पहुंचे और उन्हें सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर मौजूद सभी अधिकरी, कर्मचारी ने कहा कि कुशवाह के अनुभव और कार्यशैली का लाभ प्रशासन को आगे भी मिलेगा।

## भोपाल में स्वर्णकार समाज की बड़ी बैठक, विजय सोनी बने प्रदेश अध्यक्ष



**भैरुंदा।** स्वर्णकार समाज के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वर्णकार विवाह मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक भोपाल के मानस भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष कैला सोनी ने की, जिसमें देश और प्रदेश के कई पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में भैरुंदा के विजय सोनी को मध्य प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र देकर बधाई दी और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। बैठक में आगामी 18 जुलाई को होने वाले स्वर्णकार प्रतिभा सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह कार्यक्रम भोपाल के मानस भवन, पॉलिटेक्निक चौराहे पर आयोजित होगा। इसे भव्य बनाने के लिए मंच संचालन, अतिथि स्वागत, प्रतिभाओं के सम्मान, प्रचार-प्रसार और अन्य व्यवस्थाओं पर पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिए। जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम में प्रदेश और देश के कई बड़े नेता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकते हैं। समारोह में समाज के होनहार विद्यार्थियों, युवाओं और समाज का नाम रोशन करने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी कराया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय मार्गदर्शक धीरज सोनी, महिला अध्यक्ष रेखा सोनी, प्रदेश अध्यक्ष रजनी आकाश सोनी, जिला अध्यक्ष अंशिका सोनी सहित कई समाजसेवी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### समाज डॉ. मुखर्जी को राष्ट्रवादी व्यक्तित्व के रूप में श्रद्धापूर्वक करता है याद

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भारतीय जनता पार्टी सीहोर का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आष्टा स्थित माधव मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पक्ष के अंतर्गत आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में संस्मरण पक्ष मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला प्रभारी विकास विरानी, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे ने कहा कि आज मैं आपके समक्ष उस महापुरुष के जीवन पर चर्चा करने के लिए उपस्थित हुआ हूँ, जिन्होंने मात्र 52 वर्ष के अल्प जीवन में शिक्षा, समाज और राजनीति तीनों क्षेत्रों में ऐसी अमिट छाप छोड़ी कि आज लगभग सात दशक बाद भी पूरा राष्ट्र उन्हें स्मरण करता है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज उन्हें महान राष्ट्रवादी व्यक्तित्व के रूप में श्रद्धापूर्वक याद करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के लिए अपने जीवन से अमिट प्रेरणा छोड़कर गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उन महान व्यक्तित्वों में से थे, जो केवल इतिहास का हिस्सा नहीं बने, बल्कि इतिहास रचने के लिए आए थे। कुछ लोग इतिहास में जन्म लेते हैं और कुछ लोग इतिहास बनाने आते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दूसरी श्रेणी के ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने इतिहास निर्माण का कार्य किया। प्रदेश महामंत्री श्री रणदीवे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पिता स्वयं एक प्रखर शिक्षाविद थे। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति रहे तथा उन्हें 'बंगाल का बाघ' भी कहा जाता था। अंग्रेजी शासन के उस दौर में, जब राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय अखंडता की बात करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, तब उनके पिता ने भी राष्ट्रहित की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को भाजपा जिला प्रभारी विकास विरानी, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मंच पर जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जितेन्द्र गौड़, तारा कटारिया, नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष अंजलि चौरसिया, बाबूलाल पटेल, मायाराम गौर, राजकुमार गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे।

### साईं नाथ पालकी यात्रा की तैयारियां शुरू, लोकेन्द्र वर्मा बने अध्यक्ष



**सीहोर।** 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य साईं नाथ पालकी यात्रा की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम आर.के. पैलेस गार्डन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी सेवा यादव ने की। बैठक में यात्रा को भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष की साईं पालकी यात्रा का नेतृत्व नगर के सक्रिय जनप्रतिनिधि एवं पार्षद लोकेन्द्र वर्मा करेंगे। यात्रा के संस्थापक बृजमोहन सोनी, पूर्व अध्यक्ष छगन यादव, पार्षद अर्जुन राठौर सहित सभी वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से लोकेन्द्र वर्मा को वर्ष 2026 की साईं पालकी यात्रा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही उपस्थित सदस्यों ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया और पुष्पमालाओं से सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। बैठक में यात्रा के सफल संचालन के लिए अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। अंकित राठौर एवं सचिन रमन बघेल को यात्रा प्रभारी, पंडित पुनीत एवं गब्बर यादव को कोषाध्यक्ष तथा युवा वर्ग को संगठित करने की जिम्मेदारी तनिष्क सोनी को युवा अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के विश्वास पर आभार व्यक्त करते हुए यात्रा को भव्य एवं अनुशासित स्वरूप देने का संकल्प लिया। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि गंज क्षेत्र स्थित श्री साईं मंदिर से प्रत्येक वर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर निकाली जाने वाली साईं पालकी यात्रा नगर की आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। पिछले 25 वर्षों से लगातार निकल रही यह यात्रा धार्मिक सद्भाव, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश देती आ रही है। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु साईं बाबा के जयकारों के साथ शामिल होकर नगर भ्रमण करते हैं। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पालकी का भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा, भजन-कीर्तन, प्रसादी वितरण एवं सेवा कार्य किए जाते हैं।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार द्वारा 1.श्री धीरजसिंह 2. जितेंद्रसिंह 3. बलवानसिंह पुत्रगण दिलीपसिंह जाति सेंधव निवासी रूपाहेडा तह.आष्टा जिला सीहोर म.प्र कृषक ग्राम गुराडिया बाँदा तह.जावर जिला सीहोर म.प्र की भूमि हमारे स्वत्व,स्वामित्व व आधिपत्य की खसरा क्रमांक 70/2 (S) 71, 72/2 रकबा 0.323 हैक्टयर लगान 1.82 रूपये मेसे विक्रय रकबा 48 डिसमिल भूमि को क्रय करने हेतु अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में संपत्ति पर पारिवारिक वाद, विवाद बटवारा कब्ज़ा सीमांकन रास्ता तथा डिग्री, कुर्की संबंधित विवाद सक्षम न्यालय में लंबित होने या शासकीय अर्धशासकीय बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष का बकाया होने तथा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र दानपत्र अनुबंध पत्र आदि संव्यवहार होने की दशा में प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद म्याद उक्त संपत्ति का ई-पंजीयन मेरे पक्षकार अथवा उनके प्रतिनिधि के पक्ष में निष्पादित करवा लिया जावेगा अवधी बाहय किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर प्रथम हक़ मेरे पक्षकार का माना जावेगा सर्वसाधारण को सूचित होवे ।

भवदीय, एम.पी. शुक्ला
(अभिभाषक), मतहसील कार्यालय
आष्टा जिला सीहोर म.प्र मो. 9893382594

# डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपना जीवन देश को समर्पित किया: अमित शर्मा



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर गाय को खिलाया चारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा ने भाजपा कार्यालय में सोमवार को प्रख्यात राष्ट्रवादी नेता और भारतीय जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री, मंडल प्रभारी पंडित अमित शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड के पास पहुंचकर गाय को चारा खिलाया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अमित शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को एक दूरदर्शी शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और भारत की एकता व अखंडता का सशक्त प्रहरी थे। मुखर्जी ने कश्मीर की आजादी का जो सपना देखा था वो आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया और कश्मीर को भारत अंग बनाया और धारा 370 हटाकर एक देश एक निशान की लागू किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर भारत को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने राष्ट्र सेवा, समाज कल्याण और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश प्रभारी गोपाल जाटव, पूर्व भाजपा जिला मंत्री सविता तायल, पूर्व अजजा राम भील, पार्षद मंडल उपाध्यक्ष रूचि बंडोने, पूर्व पार्षद आशा शर्मा राजेंद्र शर्मा, भाजपा मंडल मंत्री पुलकित साहू, दिनेश यादव निवानिया, गोलू सेन, गगन चैहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### नाराजगी जताते हुए विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा

## स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में सर्व समाज ने करणी सेना के नेतृत्व में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



स्मार्ट मीटर से बढ़े हुए बिजली बिलों, बार-बार हो रही विद्युत कटौती तथा विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में सोमवार को करणी सेना के तत्वावधान में सर्व समाज ने विशाल रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी महाराणा प्रताप चैराहे पर एकत्रित हुए, जहां से हाथों में तख्तियां लेकर और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों भेरू दरवाजा, तरुण चैराहा, मुखर्जी चैक, सदर बाजार एवं गांधी चैक से होते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचे। विद्युत कार्यालय पहुंचने पर करणी सेना राजगढ़ जिलाध्यक्ष मयंक प्रतापसिंह के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के एई विद्यासागर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों की निष्पक्ष जांच, बिना सूचना बिजली कटौती पर रोक, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने विद्युत विभाग के लाइनमैन सहित कुछ कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं किया जाता। प्रदर्शन के दौरान नगर की किन्नर आंटी ममता के साथ पूर्व में विद्युत विभाग के एक गार्ड द्वारा किए गए कथित अभद्र व्यवहार का मुद्दा भी उठाया गया तथा प्रदर्शनकारियों के विरोध के बाद संबंधित गार्ड से माफी मंगवाई गई। वही वही हितग्राही सुमित्रा मेवाड़ा ने बताया कि उनके घर का बिजली बिल 5 हजार रुपए से अधिक आया जबकि पहले कभी इतना बिल नहीं आया कांग्रेस नेता अखलेश राठी ने कहा कि पिछले पांच महीनों से मीटर की रीडिंग शून्य दिखाई गई और छठे महीने अचानक 360 यूनिट जोड़कर बिल जारी कर दिया गया,इसे विभागीय लापरवाही बताते हुए इसकी जांच की मांग की,रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अखलेश राठी, गौरव शर्मा, कैलाश राजपूत, तहसील अध्यक्ष शेरू बना, जयपाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष विष्णु बना, हर्षवर्धन सिंह, ब्लॉक मीडिया प्रभारी अंकुश बना, तहसील मीडिया प्रभारी विजय राज सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

**इनका कहना है...**

स्मार्ट मीटर शासन के आदेश से लग रहे,स्मार्ट मीटर से हितग्राहियों को कई प्रकार की सुविधा है, रही बात विद्युत बिल की तो जांच करवाई जाएगी।

-विद्या सागर मिश्रा, एई विद्युत विभाग सारंगपुर।

## क्रेशर मशीन संचालक के खोदे गए 25 फीट गहरे गड्ढे में महिला सहित दो बच्चों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



समीपस्थ ग्राम जगनियापुरा में सोमवार को एक महिला और दो मासूम बच्चों की मौत क्रेषर मशीन संचालक द्वारा खोदे गए करीब 25 फीट से अधिक गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूब जाने का मामला सामने आया है। राजगढ़ जिले के ब्यावरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगनियापुरा में हुए एक दर्दनाक हादसा ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है।

जानकारी अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही ब्यावरा थाना प्रभारी शिवराज सिंह चैहान अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों शवों को पानी से बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस के माध्यम से शासकीय अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया, जहां शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### मासूम बच्चों को देख हर किसी की कांप गई रूह

मृतकों की पहचान सायरा बाई (30 वर्ष), नेब्रेन पारधी (6 वर्ष) और निभ्रता पारधी (9 वर्ष) निवासी कड़यिा, थाना बड़ा बैरसिया, जिला भोपाल के रूप में हुई है। लेकिन जब इनके शवों को पानी से बाहर निकाला और उठाकर एंबूलेंस में रखा गया, तो मां के साथ मासूक बच्चों के शव को देखकर हर किसी की रूह कांप गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र में शौक की लहर फैला दी। बताया जा रहा है कि मृतक परिवार पिछले लगभग तीन वर्षों से जगनियापुरा क्षेत्र में रहकर कबाड़ बीनने और मजदूरी का कार्य कर रहा था। फिलहाल ब्यावरा सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

## बस स्टैंड पर मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज. सुठालिया।** बस स्टैंड पर फल की कैरेट को लेकर हुए विवाद में मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपी अभी फरार हैं। 5 जुलाई की शाम करीब 6.10 बजे सेलिब्रेशन गार्डन रोड निवासी बबलू केवट, मनीष केवट और जगदीश उर्फ चिंटू ने भोजपुरिया निवासी योगेश तोमर 28 से विवाद किया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज कर डंडे और पाइप से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुठालिया में अपराध क्रमांक 274/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी के निर्देश पर एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनिल राहोरिया की टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बबलू केवट को बस स्टैंड से पकड़ लिया। उस पर बीएनएसएस के तहत प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण

**कालापीपल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 09 जुलाई 2026 को कालापीपल तहसील में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, कलेक्टर ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर बाफना ने निरीक्षण के दौरान हेलीपेड, रोड शो मार्ग तथा कार्यक्रम से संबंधित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। कलेक्टर बाफना ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने, कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



इसके पश्चात कलेक्टर बाफना एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती शुक्ला ने जनपद पंचायत कालापीपल के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा कर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### संगोष्ठी के साथ पौधरोपण

## माय युवा भारत संगठन ने रामपुर में मनाई डॉ. मुखर्जी की जयंती



**आरोन।** भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित माय युवा भारत संगठन के अंतर्गत, जिला युवा अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम रामपुर आरोन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य बाला श्री राव, विशेष अतिथि शिक्षक राम प्रकाश शर्मा पतलेश्वर तथा अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी बृजेश राव रहे। अतिथियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

संगोष्ठी में वरिष्ठ वक्ता बृजेश राव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके सकारात्मक आंदोलनों और विकसित भारत की संकल्पना में निभाई अग्रणी भूमिका के बारे में युवाओं को प्रेरित किया। इसके बाद उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भी रोपे गए। इस आयोजन में युवा साथी रिंकू शर्मा का विशेष सहयोग रहा, जबकि कार्यक्रम का सफल संयोजन नारायण युवा मंडल द्वारा किया गया।

### कार्रवाई की मांग की

## पेड़ काटे जाने के बाद पक्षियों का आशियाना तक उजड़ा

**अशोकनगर।** अशोकनगर स्थित जिला चिकित्सालय परिसर में सिविल सर्जन के निर्देश पर दिनांक 5.17/ इसको परिसर में स्थित कई गुलमोहर के वृक्षों की कटाई/ अत्यधिक छंटाई कराई गई। उक्त वृक्षों पर बड़ी संख्या में कैटल एग्रेट ने प्रजनन के लिए घोंसले बना रखे थे। वृक्षों की कटाई/छंटाई के परिणामस्वरूप अनेक घोंसले नष्ट हो गए, अंडे टूट गए तथा अनेक चूजों की मृत्यु हो गई। इस घटना के फोटोग्राफ संलग्न हैं, जिनसे प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि सक्रिय प्रजनन काल के दौरान पक्षियों के घोंसलों, अंडों एवं चूजों को गंभीर क्षति पहुँची है। वर्तमान समय कैटल एग्रेट का प्रजनन काल है। इस अवधि में यह पक्षी वृक्षों पर सामूहिक रूप से घोंसले बनाकर अंडे देते हैं तथा अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे समय में घोंसलों वाले वृक्षों की कटाई अथवा अत्यधिक छंटाई से न केवल पक्षियों के अंडे एवं चूजे नष्ट होते हैं, बल्कि उनके प्राकृतिक आवास का भी विनाश होता है। कैटल एग्रेट वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-ए (भाग-ठ), प्रविष्टि क्रमांक 29 में सूचीबद्ध एक संरक्षित वन्य पक्षी है। अतः इसे तथा इसके अंडों, चूजों एवं प्राकृतिक आवास को विधिक संरक्षण प्राप्त है।



## निशुल्क शिविर में 258 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जी.के. परिवार द्वारा स्मृति शेष सूरजबाई जैन की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में जैन मिलन सेंट्रल एवं विमर्श जागृति मंच हरिभूमि न्यूज ▶▶ के सहयोग से रविवार को जी. के. मैरिज गार्डन में स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में नगर के सुप्रसिद्ध डॉ. डी.के. जैन ,डॉ.नीतेश जैन,डॉ. प्रेम विश्वास, डॉ.पारस जैन,डॉ. दीपक जैन एवं डॉ. नीलेश जैन द्वारा 258 मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया।

रोगियों के ब्लडप्रेशर की जांच की गई तथा आवश्यक होने पर ब्लड शुगर की भी जांच की जाकर सभी रोगियों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। शिविर संयोजक भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने बताया कि कैंची परिवार के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में भारी संख्या में वीर बन्धुओ ने सहभागिता की। जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष अतुल बंसल,मंत्री मनोज जैन बहादुरपुर, कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी,विमर्श जागृति मंच के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन मोहरी,महेंद्र कडेसरा,प्रमोद छाया, अनूप बाबू आदि ने सभी सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को माल्यार्पण एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। दिनेश गुप्ता, बबलेश नामदेव एवं रमेश प्रजापति का दवा वितरण में विशेष सहयोग रहा उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसी के साथ भारतीय जैन मिलन के आव्हान पर जैन सम्राट गौरव वर्ष के अंतर्गत सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य,सम्राट कुमार पाल,सम्राट सम्प्रति एवं रानी अब्बका पर राष्ट्रीय मंत्री नरेशचंद जैन ,क्षेत्रीय मंत्री निर्मल जैन मिर्ची, विनोद जैन भारिल्ल एवं सचिन सर्राफ द्वारा उदबोधन दिए गए।

## जिला पत्रकार संघ ने बलवीर पर दर्ज किए मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पत्रकार संघ ने पत्रकार बलवीर सिंह यादव पर दर्ज किए गए मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। फर्जी बताते जांच कर मामला निरस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञात हो कि थाना चन्देरी में अपराध क्रमांक 369/26 पर 30/06/2026 को मुकदमा एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज हुआ है जो पूरी तरह से झूठा है जो व्यक्ति सुजान पुत्र ठलु आदिवासी उत्तरप्रदेश के बालाबेहट का निवासी बताया गया है बो फर्जी है जबकि हाल निवास ग्राम ख़ाकरोंन बताया गया है बो भी गलत है इस नाम के व्यक्ति गांव में कोई नहीं है। 7 जून का घटनाक्रम विक्रमपुर तिराहा बताया गया है जो चौकी के सामने है जबकि पुलिस चौकी में सभी जगह कैमरे लगे हुए है घटना अगर सच है तो कैमरों में कैद होगी। घटना दिनांक 7 जून को बलवीर सिंह यादव को पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक मीना के द्वारा फोन करके बुलाया गया था जो ललितपुर के कोई बुंदेला आए हैं आपके खिलाफ आवेदन दिया है उससे संबंधित है तब बलवीरसिंह यादव चौकी पर पहुचे ओर उस आदिवासी से सिर्फ पूछा कि क्या बलवीरसिंह को जानते हो तब उसने मना कर दिया कि में नही जानता। लेकिन यह पूछा कि भाई आवेदन क्यों दिया तो उसने ऐसे किसी भी आवेदन से मना कर दिया फिर बो लोग थाने में चले गए और पुलिस चौकी प्रभारी विक्रमपुर एसआई जूली रघुवंशी सुजान आदिवासी के कथन लिए ओर विडियो ग्राफी की ऐसी किसी भी गालीगलौज ओर मारपीट की घटना से इनकार किया गया। जिसकी वीडियो और लिखित व्यान जूली रघुवंशी के पास है। उस घटना के संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी चन्देरी प्रशांत यादव ने दिनांक 30 जून को रात्रि 8 बजे के लगभग 23 दिनों बाद बलवीरसिंह यादव और अन्य तीन व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया जो सरासर झूठा ओर फर्जी है। बलवीरसिंह यादव एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि हैं जो ग्राम पंचायत खागल दुधराई से सरपंच हैं सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हैं।

### यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया

यादव महासभा ने उक्त मामले में एसपी राजीव कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि बलवीर सिंह यादव पर जो मामला दर्ज किया गया है, वह पूरी तरह फर्जी है इस घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए। और थाना प्रभारी को गलत मामला दर्ज करने के लिए हटाया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में यादव महासभा के प्रतिनिधि मौजूद थे, घटना 7 जून की है और मामला 30 जून को दर्ज किया गया। न कोई घटना हुई है यह पूरी तरह फर्जी कहानी गढ़ी गई है, यह प्रकरण राजनैतिक द्वेष के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इस दौरान एसपी ने जिला पत्रकार संघ और राज्य यादव महासभा के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और एसडीओपी को जांच का जिम्मा सौंपा जाएगा।

## रघुवंशी समाज के चुनाव 8 जुलाई को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में होंगे

**अशोकनगर।** रघुवंशी समाज के चुनाव 8 जुलाई को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी शहवाजपुर ने बताया कि रघुवंशी समाज के संगठन को और अधिक सशक्त एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से समाज के नवीन पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु चुनाव का आयोजन दिनांक 08 जुलाई 2026 को रघुवंशी धर्मशाला में किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया समाज के वरिष्ठजनों एवं चुनाव समिति की देखरेख में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न होगी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष, पद के लिए निर्वाचन किया जाएगा। समाज के सभी सम्मानित रघुवंशी समाज से आग्रह है कि निर्धारित समय पर रघुवंशी धर्मशाला पहुँचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। आयोजकों ने कहा कि सौहार्द, अनुशासन बनाए रखते हुए चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाएंगे।

### शिलालेख गायब होने से नाराजगी

## जिला पत्रकार संघ ने स्टेशन मैनेजर को ज्ञापन सौंपा



**अशोकनगर।** जिला पत्रकार संघ सोमवार को भोपाल रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक को पत्र सौंपकर लोकार्पण से पूर्व इन धरोहरों को ससम्मान पुनर्स्थापित करने और स्टेशन की अंधकारमयी प्रकाश व्यवस्था को सुधारने की मांग की है।

### गायब हुए इतिहास के ये गौरव-पुंज

पत्रकार संघ ने चेतावनी दी है कि विकास की ओट में क्षेत्र की राष्ट्रीय अस्मिता और लोक-भावनाओं को कुचला जा रहा है। स्टेशन परिसर से निम्नलिखित प्रमुख विभूतियों के शिलालेख नदारद कर दिए गए हैं। कहा गया कि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के पुरोधा और स्वाधीनता संग्राम के महानायक। अमर शहीद शशिन्द्र सिंह राणा भारत-पाक युद्ध के वीर सपूत, जिन्हें तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने दिल्ली में वीर चक्र से अलंकृत किया था। इसी प्रकार राष्ट्रकवि गिरिजा कुमार माथुर कालजयी गीत हम होंगे कामयाब एक दिन के रचयिता, जिनका प्रशस्ति शिलालेख गायब है और क्रांतिकारी लेखक श्री कृष्ण सरल क्रांतिकारियों पर 450 से अधिक पुस्तकें लिखने वाले लेखक, जिनकी राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत पंक्तियां यात्रियों में ऊर्जा भरती थीं।

## तालाब की पार तोड़ने वाले रसूखदारों के खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला अंतर्गत आने वाले ग्राम डुगासरा में शासकीय मगरदा तालाब की पार को कुछ रसूखदार ग्रामीणों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए जेसीबी मशीन से तोडऩे का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित डुगासरा, लहरकोता, सगोरिया, मिनख्याई और चतराई सहित पांच गांवों के सैकड़ों किसान और ग्रामीण लामबंद होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधीश के नाम एक शिकायती पत्र सौंपकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और तालाब की पार को दोबारा ठीक कराने की पुरजोर मांग उठाई है।

प्रशासन को सौंपे गए शिकायती पत्र में पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा निर्मित मगरदा तालाब से क्षेत्र के डुगासरा, लहरकोता, सगोरिया, मिनख्याई और चतराई आदि आधा दर्जन गांवों की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि की सिंचाई होती है। इस वर्ष भी तालाब में अच्छा-खासा जलभराव हुआ था, जिससे किसानों को खरीफ और रबी की फसलों के लिए सिंचाई की उम्मीद थी। लेकिन ग्राम डुगासरा निवासी अनावेदक मुन्ना शर्मा पुत्र हरिचरण शर्मा, अमोल सिंह धाकड़ पुत्र निरपत सिंह धाकड़ और चौड़ा चक्क निवासी दिलीप कुशवाह ने अपने निजी स्वार्थ के चक्कर में तालाब की पार को जेसीबी लगवाकर तुड़वा दिया ताकि तालाब का पूरा पानी बह जाए और वे सूखी हुई डूब की जमीन पर अपनी हकाई-जुताई कर फसल बो सकें।

ग्रामीणों के अनुसार इन लोगों की भूमि डूब क्षेत्र में आई थी, उसका उचित मुआवजा शासन द्वारा इन्हें पूर्व में ही दिया जा चुका है। मुआवजा राशि प्राप्त करने के बावजूद केवल अपने दोहरे लाभ और फसल उगाने के लालच में इन लोगों ने पूरे क्षेत्र के किसानों के हितों को ताक पर रखकर तालाब को भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों ने जिलाधीश से गुहार लगाई है कि इस कृत्य से आगामी समय में पांचों गांवों के सामने सिंचाई और मवेशियों के लिए पानी का गहरा संकट खड़ा हो जाएगा, इसलिए आरोपियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी संपत्ति के साथ ऐसा खिलवाड़ न कर सके। शिकायत कराने वालों में मुख्य रूप से सुरेश साहू, मनोल, मोहनसिंह, राजेंद्र, भगवानलाल, वीरसिंह, बलवीर धाकड़, फूलसिंह, प्रमोद, प्रसन, सजीव, नरेश, कारखानासंद, महेश, देवेंद्र, तोरनप्रसाद, इमरतलाल, अमनराम, मेहरबान सिंह, हरिओम और राजपुर सहित भारी संख्या में पांचों गांवों के समस्त प्रार्थी और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने कोलार डैम, वॉटरफॉल और मिडघाट का किया निरीक्षण

**सीहोर।** वर्षाकाल में जिले के पर्यटन स्थलों, झरनों एवं बांधों पर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर स्थित कोलार डैम, बुधनी के अमरगढ़ वॉटरफॉल, और मिडघाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्षा के दौरान जोखिम वाले सभी स्थलों पर लगाए गए प्रतिबंधों का पूरी सख्ती से पालन कराया जाए तथा किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करने दिया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि बारिश के मौसम में नदियों, झरनों एवं बांध-तालाबों कुछ क्षणों में पानी का बहाव अत्यधिक तेज हो जाता है, जिससे लोगों के फंसने अथवा दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका रहती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए तथा सभी संवेदनशील स्थलों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पर्यटन एवं प्राकृतिक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड स्पष्ट रूप से लगाए जाएं। साथ ही पुलिस, राजस्व एवं वन विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित गश्त करें और ऐसे स्थानों पर पहुंचने वाले लोगों को संभावित खतरों के प्रति लगातार जागरूक भी करें।

### श्रध्दालुओं ने समर्पित किए 254 महाअर्घ

**सीहोर।** अतिशय क्षेत्र श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित कस्बा मे नवीन वेदी प्रतिष्ठा, विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव के द्वितीय दिवस मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज छुल्लक श्री तत्व सागर महाराज ससंघ के सानिध्य मे प्रतिष्ठाचार्य श्री विमल भैय्या जी , ब्रह्मचारी अमन भैय्या जी को निर्देशन मे संगीतकार धर्मवीर के मधुर संगीत के साथ प्रातः तीर्थंकर भगवान कि प्रतिमा के अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन, कर याग महामंडल विधान मे श्रध्दालुओ ने इंद्र इंद्रणी के रूप मे महाअर्घ समर्पित किए। धर्म सभा मे मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ने श्रध्दालुओ को अमृत वाणी से संबोधित करते हुए प्रवचन मे काल्पनिक दृष्टांत सुनाते हुए कहां कि माना कि भगवान ने दुनिया मे चार जीव बनाए। सर्व प्रथम गधा बनाया गधे ने पूछा मेरी उम्र कितनी होगी तब भगवान ने कहां 40 वर्ष पुनः पूछा काम क्या मालिक का बोझ ढोना ,पंचम स्वर मे आवाज निकालना गधा घबरा गया बोला मेरी उम्र कम करो 20 वर्ष कर दी फिर कुत्ते बनाया उम्र 40 वर्ष, काम भोकना रखवाली
करना उसने कहा उम्र कम करो 20 वर्ष कर दी फिर उल्लू बनाया उम्र 40 वर्ष काम दिन मे दिखेगा नही अंधे होकर रहो रात मे विचरण करो घबरा गया उम्र कम करो 20 वर्ष कर दी अंत मे मनुष्य बनाया , पूछा उम्र 40 वर्ष काम सब पर राज्य करोगे, बुध्दिमान माने जाओगे उसको लोभ आ गया
कहा मनुष्य ने कहा उम्र बढाओ ,भगवान ने कहा इतनी ही रखो लोभ न करो । मनुष्य नही माना भगवान ने कहा सोच लो। गधे की उम्र 20 वर्ष दे दी और फिर 20 वर्ष गधे की उम्र दे दी और फिर 20 वर्ष गधे की उम्र फिर और कहा तो उल्लू को वर्ष उम्र देकर मनुष्य की उम्र 100 वर्ष कर दी।

### तेज बारिश के बीच नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने ली सभाकक्ष में आपात बैठक

# लापरवाही पर थमाए कारण बताओ नोटिस सुधार न होने पर बर्खास्त की दी चेतावनी

नपा सीएमओ और नपा प्रतिनिधि ने अधिकारी कर्मचारियों को दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अंचल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति और नागरिक समस्याओं को देखते हुए आज नगरपालिका कार्यालय में एक महत्वपूर्ण आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान नगर के विभिन्न वार्डों के पार्षदगण और स्वच्छता टीम के सभी प्रमुख व जमादार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

#### कच्चे-जीर्णशीर्ण मकानों और जलभराव क्षेत्रों को चिन्हित करने के निर्देश

बैठक के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि भारी बारिश के कारण नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने सभी जमादारों को निर्देशित करते हुए कहा सभी जमादार तत्काल अपने-अपने वार्डों का मुआयना करें। जहां भी जल भराव की स्थिति बन रही है, उसे दुरुस्त करें। साथ ही वार्डों में मौजूद कच्चे और जीर्ण-शीर्ण मकानों का चिन्हांकन कर उनके मकान मालिकों को तुरंत सूचित किया जाए। उन्हें इस मौसम में सतर्कता और सावधानी बरतने हेतु समझाईश दें ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने बैठक में बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए अधीनस्थ सफाई अमले को सख्त लहजे में हिदायत दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर सहित पूरे क्षेत्र में अत्यधिक बारिश हो रही है, जिससे नागरिकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे संकट के समय नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निदान होना चाहिए। नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती गई, तो वह कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और न ही क्षम्य होगी। नगर में जहां भी जल भराव जैसी समस्या है, उसे तत्काल चिन्हित कर व्यवस्थित करें। इसके अलावा नगर में जो भी रिक्त प्लॉट हैं, उनके मालिकों को सूचित कर वहां जलजमाव और गंदगी की समस्या का तुरंत निदान करवाएं।

#### बैठक में ही थमाए कारण बताओ नोटिस

सख्ती दिखाते हुए सीएमओ श्री प्रजापति ने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कुछ कर्मचारियों को बैठक के दौरान ही कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। उन्होंने साफ तौर पर सचेत किया कि यदि समय रहते कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया और लापरवाही का सिलसिला जारी रहा, तो संबंधित कर्मचारियों को कार्य से बर्खास्त करने की वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में पार्षद रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, मेहमूद अंसारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद सांगते, उपपर्यवेक्षक मनोज घेंघट, दरोगा राजेश घेंघट, अमरदीप सांगते सहित जमादारगण मौजूद थे।

### बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशासन अलर्ट

एसडीएम, एसडीओपी ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महेंद्र प्रताप सिंह किरार एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दामोदर गुप्ता ने बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मानसून के दौरान संभावित आपदा से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संवेदनशील एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं।संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देशबैठक में अधिकारियों को नदी-नालों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने, राहत एवं बचाव दलों को सक्रिय रखने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपदा की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।प्रशासन ने नागरिकों से की सतर्कता बरतने की अपीलप्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि लगातार हो रही बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से नदी, नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। किसी भी आपात स्थिति या दुर्घटना की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।बैठक में विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर आवश्यक सुझाव एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

### नगर के जनप्रतिनिधि और प्रबुद्धजनों ने किया तहसीलदार चोरमा व मंडेलिया का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर से इंदौर स्थानांतरित हुए तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा तथा उनके स्थान पर नवागत तहसीलदार कमलसिंह मंडेलिया का वरिष्ठ समाजसेवी हरिश शर्मा, डॉ. धनपाल मालवीय, कमलेश खत्री तथा अरविंद ठाकुर द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने ओमप्रकाश चोरमा के जावर में कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों, जनहितकारी निर्णयों तथा सहज एवं संवेदनशील कार्यशैली की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं इंदौर में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं।

साथ ही नवागत तहसीलदार कमलसिंह मंडेलिया का स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया गया तथा आशा व्यक्त की गई कि उनके नेतृत्व में जनहित के कार्य प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ संपादित होंगे। इस दौरान तहसीलदार सिद्धांत सिंह सिंगला का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में तहसील कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने प्रशासनिक निरंतरता तथा जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### रामलीला में सीता हरण के पश्चात मेघनाथ और कुंभकरण के वध का कलाकारों ने किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रयागराज के कलाकारों के द्वारा सुंदर रामलीला का मंचन किया जा रहा है। मंचन में सीता की ओर से लक्ष्मण को राम की सहायता के लिए भेजने वाले दृश्य पर ऐसा समा बंधा कि दर्शक मन्त्रमुग्ध हो गए। सीता हरण, सीता हरण पर राम का विलाप, सीता माता की खोज करते हुए राम लक्ष्मण का हनुमान से मिलना व हनुमान जी का उन्हें सुग्रीव के पास लाकर दोनों की मित्रता होना जैसे दृश्यों ने दर्शकों का काफी ज्ञान बढ़ाया।

सुग्रीव का राम लक्ष्मण को सीता जी के जेवर दिखाना व लक्ष्मण का केवल उनके पैर के जेवर को पहचानना, वहीं रामलीला में मेघनाथ, कुंभकरण व अहिरावण वध का मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संत माधवदास महाराज, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, सनातन सेना के सुनील राय, पवन केवट, गणेश यादव, आयुष गुप्ता आदि ने रामलीला के महंत बृजेश शर्मा सहित रामलीला मंडल का स्वागत-सम्मान किया गया। देर रात्रि को आयोजित रामलीला में मंचन देखकर दर्शक कभी रोमाचित तो कभी भावुक हुए। उधर, कुंभकरण वध से रावण क्रोधित हो जाता है। मेघनाथ ने देवी के आह्वान के लिए यज्ञ शुरू किया।

इसका ज्ञान होने पर हनुमानजी ने यज्ञ विध्वंस कर दिया। मेघनाथ युद्ध के मैदान में आ जाता है, जहां लक्ष्मण से युद्ध होता है। युद्ध में लक्ष्मण उसका वध कर देते हैं। रावण पाताल लोक से अहिरावण का आह्वान करता है। पूरा वृतांत सुनने के बाद अहिरावण ने विभीषण का वेश धारण कर श्री राम व लक्ष्मण का हरण कर लिया। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि प्रयागराज से आए रामलीला के कलाकारों ने शानदार मंचन किया। प्रातःकाल होने पर श्री राम व लक्ष्मणजी को न पाकर सब आश्चर्यचकित हो जाते हैं। इस पर हनुमान यह बताते हैं कि रात्रि में तो विभीषण आए थे। विभीषण को समझते देर नहीं लगता कि यह कार्य अहिरावण का है। इस पर हनुमानजी श्रीराम और लक्ष्मण की खोज में पाताल लोक में जाते हैं। जहां अहिरावण देवी पूजन कर रहा होता है। हनुमानजी देवी के स्थान पर प्रकट होकर अहिरावण का वध कर श्री राम व लक्ष्मण को वापस लाते हैं। अहिरावण वध की सूचना पाकर रावण क्रोधित हो जाता है।

### बहुजन समाज पार्टी की विस स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक संपन्न

**सीहोर।** बहुजन समाजपार्टी सीहोर की विधानसभा स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक खण्डवा जोड़ मैरिज गार्डन में रखी गई बैठक के मुख्यातिथि श्रीं जियालाल अहिरवार प्रदेश प्रभारी बसपा एवं विषेश अतिथि एडवोकेट कमलेश कुमार जोन प्रभारी बसपा भोपाल रहे,बैठक में विधानसभा के संगठन की समीक्षा जियालाल ने बारीकी से समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए की सेक्टर के बाद हमें पोलिंगो पर मजबूत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देनी है, अगर कोई पदाधिकारी निष्क्रिय है उसे तत्काल बदलें ,जो पदाधिकारी किसी कारणवश सक्रिय नहीं रह सकते वे कार्यकर्ता बनकर कार्य करें और जो अच्छा कार्य कर रहे हैं उनका सहयोग करें, और विषेश अतिथि के रूप में उपस्थित एडवोकेट कमलेश कुमार ने कहा कि सीहोर में बसपा मजबूत विकल्प बनती है तो कांग्रेस को कोई वोट नहीं देगा और वर्तमान भाजपा सरकार में जो लूट मजी है क्षेत्र एवं देशवासी सब समझ रहे हैं हर स्तर पर लूट मची है, भाजपा ने जिस भगवान राम के नाम पर सरकार बनाई उनके मंदिर को ही लुटवा दिया वो देशवासियों और देश को क्या सुरक्षित रखेंगे, हमें ऐसी सरकार का सच जनता के सामने लाकर इनकी जनविरोधी नितियों का भांडा फोड़ करना होगा और बसपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाएं की नीति को जन जन तक पहुंचा कर बसपा की सरकार बनाना है तो इसके लिए संगठन मजबूत जरूरी है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध, पूर्व जिला प्रभारी अनोखीलाल मालवीय,डी. बी. बड़ोदिया जिला सचिव ने भी बैठक में आवश्यक सुझाव रखे ,बैठक की अध्यक्षता धीरब अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष ने की।

### खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाईः दो पनडुब्बी मशीनें और ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी के रानीपुरा रेत खदान पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से दो पनडुब्बी मशीनें (नाव) और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया।खनिज विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है।

इसी आधार पर टीम ने अचानक छापा मारते हुए खदान क्षेत्र में पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके पर खड़ी मिली मशीनों और वाहन को तत्काल जब्त कर थाना गोपालपुर पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। कार्रवाई के दौरान हुआ विरोधजैसे ही खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची, कुछ ग्रामीणों ने कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। स्थिति को तनावपूर्ण होते देख निरीक्षक खुशबू वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। साथ ही राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में पूरे मामले को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया गया। इसके बाद जब्त किए गए वाहनों को गोपालपुर थाने पहुंचाया गया। विभाग का कहना है कि जिलेभर में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि अवैध खनन की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### सुरक्षित क्लिक 2.0' के तहत सांदीपनि स्कूल में चला साइबर जागरुकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को जागरूक कर दिलाई साइबर सुरक्षा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



साइबर अपराधों से बचाव और युवाओं को डिजिटल ठगी से सतर्क करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में मंगलवार को सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'सुरक्षित क्लिक 2.0' के तहत साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान उपनिरीक्षक किरण सिंह राजपूत, उपनिरीक्षक अनिल डोडियार एवं थाना स्टाफ ने छात्रों को साइबर धोखाधड़ी के नए तरीकों की जानकारी दी।विद्यालय में ली गई साइबर शपथकार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं को इंटरनेट का सुरक्षित और सावधानीपूर्वक उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस ने बताया कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।इन धोखाधड़ियों से बचने की दी सलाहपुलिस ने डिजिटल गिरफ्तारी, यूपीआई धोखाधड़ी, ओटीपी धोखाधड़ी₹, ऋण ऐप धोखाधड़ी और कार्य/निवेश घोटाला₹ जैसी ठगियों के बारे में विस्तार से बताया। उप निरीक्षक किरण सिंह राजपूत ने दिए 6 महत्वपूर्ण सुझावःओटीपी/पासवर्ड/सीवी किसी से साझा न करें। बैंक, पुलिस या कूरियर वाला कभी फोन पर ओटीपी नहीं मांगता। अंजान कड़ी या ऐप डाउनलोड न करें - एपीके फाइल, एनीडेस्क, टीमव्यूअर जैसी ऐप से मोबाइल हैक हो जाता है।

#### डिजीटल गिरफ्तारी पूरी तरह फर्जी

पुलिस, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं करती। घबराएं नहीं, तुरंत 1930 पर फोन करें।निवेश/कार्य धोखाधड़ी से बचें। घर बैठे कमाई के नाम पर चलने वाले टेलीग्राम/व्हाट्सएप समूह ठगी करते हैं।सामाजिक संजाल खाते सुरक्षित रखें। सभी खातों में दो-चरणीय सुरक्षा जरूर चालू करें। ठगी होने पर तुरंत सहायता क्रमांक 1930 पर फोन करें। 3 घंटे के अंदर शिकायत पर पैसा वापस मिलने की संभावना अधिक होती है। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। नजदीकी थाने में लिखित शिकायत दें।कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय शिक्षकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से जागरूक रहने की अपील की।पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध फोन, संदेश या कड़ी पर क्लिक न करें और तुरंत पुलिस को सूचना दें।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
सिहोर जिले
में ऐजेन्सी देना है ।
आष्टा ,शाहगंज ,
लाडकुई , बिलकिसगंज ,
डोबी , श्यामपुर
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर,
मानसरोवर कॉम्प्लेक्स ,
एम .पी . नगर , भोपाल
मो.: 8770833858, 9755123912